# राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

दिनांक: 22.06.2018

## ✡बैठक कार्यवृत्त✡

महाविद्यालय के IQAC प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक का आयोजन दिनांक 22.06.2018 को किया गया जिसमें निम्न विषयों पर विचार विमर्श किया गया तथा विभिन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई।

1. महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं में रूसा स्कीम के तहत आवंटित बजट से विभागीय आवश्यतानुसार नवीन उपकरणों के क्रय करने पर चर्चा की गई।
2. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय के छात्रावास (बॉयज) में छात्रों के लिए शौचालयों का निर्माण कार्य (दो ब्लॉक्स में) प्रारम्भ हो चुका है इसकी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई।
3. महाविद्यालय के पुस्तकालय में रूसा स्कीम के तहत शौचालय के मरम्मत कार्य पर चर्चा की गई।
4. महाविद्यालय की क्षतिग्रस्त चारदीवारी अग्र एवं पश्च भाग के मरम्मत कार्य का प्रस्ताव लिया गया। आगे की दीवार अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण इसे प्राथमिकता से पूर्ण करवाये जाने पर चर्चा की गई।
5. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में नवीन Seminar Hall का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है इसकी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई।
6. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में स्थित कक्ष क्रमांक 01 एवं 02 के ऊपर नये कक्ष क्रमांक 133 एवं 134 में विद्यार्थियों के आवागमन हेतु सीढ़ीयों के निर्माण कार्य प्रारम्भ हो चुका है इसकी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई।
7. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में इन्टरनेट की आवश्यकता को देखते हुए 4 एम.बी.पी.एस. की डेडिकेटेड लीज्ड लाईन कनेक्टीविटी हेतु बी.एस.एन.एल.डीडवाना/नागौर से उपलब्ध कराने पर चर्चा हुई।
8. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में स्थित क्षतिग्रस्त टेनिस कोर्ट एवं साथ ही कोर्ट के पशिचम दिशा में दर्शक दीर्घा के मरम्मत कार्य कराने पर विस्तृत चर्चा हुई ।

(डॉ. अरुण व्यास)
संयोजक
आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ

(डॉ. एन. आर. ढाका)
प्राचार्य
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951
☎ 01580 220024
gbc_didwana@yahoo.com

# राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

दिनांक 27.06.2019

## आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ
## :: बैठक कार्यवृत्त ::

आज दिनांक 27.06.2019 को महाविद्यालय के IQAC प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई एवं निम्नलिखित विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

1. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय के छात्रावास (बॉयज) में छात्रों के लिए शौचालयों का निर्माण कार्य (दो ब्लॉक्स में) सम्पन्न हो चुका है।
2. महाविद्यालय के पुस्तकालय में रूसा स्कीम के तहत शौचालय का मरम्मत कार्य सम्पन्न हो चुका है।
3. महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं में रूसा स्कीम के तहत आबंटित बजट से विभागीय आवश्यतानुसार नवीन उपकरण क्रय किये गये।
4. महाविद्यालय के विभिन्न बरामदों में विद्यार्थियों के लिए गर्मी की सीजन में मुख्य परीक्षा के दौरान बैठक व्यवस्था को देखते हुए छत पंखों की व्यवस्था की गई।
5. महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए गर्मी की सीजन को देखते हुए पेयजल व्यवस्था हेतु वाटर फिल्टर की व्यवस्था की गई।
6. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में स्थित क्षतिग्रस्त टेनिस कोर्ट एवं साथ ही कोर्ट के पश्चिम दिशा में दर्शक दीर्घा के मरम्मत कार्य सम्पन्न हो चुका है तथा जाली वर्क का कार्य कराकर टेनिस कोर्ट को कवर कर दिया गया है।
7. महाविद्यालय की क्षतिग्रस्त चारदीवारी अग्र एवं पश्च भाग के मरम्मत कार्य का प्रस्ताव पर चर्चा की गई। आगे की दीवार अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण इसे यथाशीघ्र पूर्ण करवाये जाने पर चर्चा हुई।
8. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में नवीन Seminar Hall का निर्माण कार्य सम्पन्न हो चुका है।
9. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में इन्टरनेट की आवश्यकता को देखते हुए 4 एम.बी.पी.एस. की डेडिकेटेड लीज्ड लाईन कनेक्टीविटी हेतु बी.एस.एन.एल.डीडवाना/नागौर से उपलब्ध हो गई है।
10. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में स्थित कक्ष क्रमांक 01 एवं 02 के ऊपर नये कक्ष क्रमांक 133 एवं 134 में विद्यार्थियों के आवागमन हेतु सीढ़ीयों के निर्माण कार्य सम्पन्न हो चुका है।

27.6.2019

(डॉ. अरुण व्यास)
संयोजक
आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ

27.6.19

(डॉ. सी. पी. गौड़)
प्राचार्य
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951

# राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

दिनांक 19.06.2020

## आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ

### :: बैठक कार्यवृत्त ::

महाविद्यालय के IQAC प्रकोष्ठ की आवश्यक बैठक का आयोजन आज दिनांक 19.06.2020 को प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में अपराह्न 03:00 बजे आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ (रूम सं. 12) में किया गया जिसमें विभिन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई एवं निम्नलिखित विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

1. महाविद्यालय को रूसा स्कीम के तहत प्राप्त अनुदान राशि रुपये 2 करोड़ के नवीन निर्माण कार्य, मरम्मत कार्य एवं उपकरण, पुस्तक एवं जर्नल आदि मद में डीसीएफ के अनुसार व्यय कर महाविद्यालय के संसाधन में गुणवत्ता युक्त अभिवृद्धि के लिए रूसा प्रभारी डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी के प्रभावी दायित्व निर्वहन की प्रशंसा की गई।
2. महाविद्यालय की क्षतिग्रस्त चारदीवारी अग्र भाग तथा छात्रावास परिसर की चारदीवारी के मुख्य द्वार के मरम्मत कार्यो पर संतोष जाहिर करते हुए निर्णय लिया गया की अतिक्रमण के संभावित खतरे के मद्देनजर महाविद्यालय परिसर के पश्च भाग में स्थित चारदीवारी के मरम्मत कार्य करवाया जायें तथा इस बाबत महाविद्यालय विकास समिति की आगामी बैठक में इस विषय पर चर्चा कर आगामी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।
3. रूसा स्कीम के तहत महाविद्यालय में नवीन Seminar Hall का निर्माण कार्य सम्पन्न हो चुका है। यह नव निर्मित सेमीनार हॉल महाविद्यालय के पश्च भाग में स्थित होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि इनमें सीसीटीवी केमरे लगाये जाने की जानकारी पर संतोष जाहिर किया गया।
4. आई.क्यू.ए.सी. के सुझाव पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर इन्टरनेट की आवश्यकता को देखते हुए उपलब्ध डेडीकेटेड लाईन से एक्सटेंशन सर्किट पोईंट्स के द्वारा इंटरनेट की सुविधा के विस्तार का कार्य कराया गया।
5. कोविड-19 महामारी के दौर में महाविद्यालय में शैक्षणिक, अशैक्षणिक स्टाफ व विद्यार्थियों के लिए सुरक्षा की दृष्टि से सेंसर युक्त हेंड सेनेटाइजर तथा सोडियम हाइपोक्लोराइड स्प्रे और मास्क इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रस्ताव लिया गया तथा कोविड-19 महामारी के लिए सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन की पालना करते हुए महाविद्यालय संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया।
6. कोविड-19 महामारी के दौर में नियमित क्लास रूम टिचिंग प्रभावित होने के कारण ई-प्लेट फार्म पर ई-कन्टेट्स तथा महाविद्यालय के यू-ट्यूब चेनल पर विषयगत विडियोज अपलोड निरन्तर करते हुए विद्यार्थियों के हितार्थ ई-टिचिंग जारी रखने का निर्णय टिचिंग स्टाफ के लिए लिया गया।
7. कोविड-19 महामारी के दौर में ई-प्लेट फार्म पर समसामायिक विषयों पर वेबिनार कराये जाने का प्रस्ताव भी लिया गया।

19.6.2020

(डॉ. अरुण व्यास)
संयोजक
आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ

19.6.20

(सी.एस. डोटासरा)
प्राचार्य
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

☎ 01580 220024
gbc_didwana@yahoo.com
gbcdidwana1@gmail.com

स्थापना : 1951

# राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

दिनांक 16.04.2021

## आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ

## :: बैठक कार्यवृत्त ::

राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना में वर्तमान सत्र 2020-21 के लिए गठित आईक्यूएसी प्रकोष्ठ {**Internal Assurance Quality Cell (IQAC)**} के आंतरिक सदस्यों की आवश्यक बैठक आज दिनांक 16.04.2021 को स्मार्ट क्लास रूम में महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में अपराह 4.00 बजे आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई।

बैठक में सर्वप्रथम डॉ. अरूण व्यास सह आचार्य– भूगर्भ शास्त्र (समन्वयक) ने सत्र 2020-21 में आईक्यूएसी प्रकोष्ठ से संबंधित जानकारियां निम्नानुसार प्रस्तुत की :-

01. आईक्यूएसी के तत्वाधान में दिनांक 26.10.2020 को महाविद्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला कोविड महामारी के दौर में Online Teaching and E-content विषय पर आयोजित की गई। इसमें 20 से अधिक सकांय सदस्यों ने सहभागिता की।

02. आईक्यूएसी की बैठक 21.10.2020 के निर्णय अनुसार सत्र 2015-16 की एक्यूएआर दिनांक 31.10.2020, सत्र 2016-17 की एक्यूएआर दिनांक 05.02.2021, सत्र 2017-18 की एक्यूएआर दिनांक 10.03.2021, सत्र 2018-19 की एक्यूएआर दिनांक 19.03.2021 एवं सत्र 2019-20 की एक्यूएआर दिनांक 10.04.2021 को नेक के पोर्टल पर ऑनलाईन Submit कर दी गई।

03. आईक्यूएसी एवं कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 06.12.2020 को "राष्ट्र निर्माण में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान" नेशनल वेबीनार आयोजित हुई।

04. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर द्वारा सीएएस के तहत प्रोफेसर पद के लिए आवेदन करने वाले संकाय सदस्यों के एपीआई स्कोर की गणना शीट तैयार करने हेतु आईक्यूएसी की बैठक दिनांक 27.01.2021 को आयोजित हुई।

05. दिनांक 29.01.2021 को आईक्यूएसी एवं अन्य प्रकोष्ठों के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा माह के तहत वार्त्ता सत्र का आयोजन हुआ।

06. SPD RUSA के पत्र दिनांक 04.03.2021 के द्वारा प्रदेश के 34 कॉलेज को SSR तैयार कर SLQAC को Pre Assessment हेतु भेजी जानी थी। इस बाबत कमेठी गठित कर दिनांक 16.03.2021 को बैठक कर SSR Draft तैयार करने की कार्य योजना तय हुई।

07. दिनांक 01.04.2021 को कोविड जनजागृति कार्यक्रम महाविद्यालय के सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें स्थानीय विधायक महोदय ने सहभागिता कर अपने उद्बोधन से उपस्थित जन को लाभान्वित किया।

Scanned with CamScanner

आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक में निम्नांकित विषयों पर विचार विमर्श उपरांत कार्यवाही हेतु सहमति बनी-

1. महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण की अभिवृद्धि के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार करते हुए कक्षा-कक्ष अध्यापन के अलावा ऑनलाईन मॉड पर विद्यार्थियों को ई-कन्टेंट उपलब्ध करवाया जाये। कक्षा तथा वर्ग अनुसार वाट्सग्रुप बनाकर उनके साथ पीडीएफ फार्मेट में नोट्स शेयर किये जायें।

2. महाविद्यालय के संकाय सदस्य अधिकाधिक संख्या में INFLIBNET की सुविधा का उपयोग करें।

3. आगामी सत्र 2021-22 में नवप्रवेषित विद्यार्थियों के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें महाविद्यालय तथा इसकी विभिन्न गतिविधियों तथा राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) की जानकरी से अवगत कराया जायें।

4. विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न स्कॉलरशिप तथा स्टूडेंट स्पोर्ट की विस्तृत जानकरी स्टूडेंट्स को अवगत करायी जाये तथा इसके लाभार्थियों के लिए हेल्प डेस्क उपलब्ध रहें।

5. संकाय सदस्यों को इंडकशन तथा रिफ्रेशर कॉर्सेज, वेबीनार कॉन्फ्रेंस तथा सेमीनार मे सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जायें।

6. शैक्षणिक स्टाफ के लिए फेकेल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन कराया जाये।

7. महाविद्यालय विकास समिति की बैठकें समयानुसार आयोजित कर महाविद्यालय के चहुमुखी विकास की योजनाएं बनाकर उनकी क्रियान्वति की जायें।

8. पूर्व छात्र परिषद तथा अभिभावक-शिक्षक बैठकों का नियमित आयोजन किया जायें।

9. नेक के आगामी Inspection के लिए महाविद्यालय परिवार अभी से आवश्यक तैयारियों में जुट जायें तथा अच्छी ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहें।

(डॉ. अरुण व्यास)
संयोजक
आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ

(डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी)
प्राचार्य
राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना

Scanned with CamScanner

स्थापना : 1951

☎ 01580 220024
gbcdidwana1@gmail.com

# राजकीय बाँगड़ महाविद्यालय, डीडवाना
(राजस्थान का B ग्रेड प्रदत्त महाविद्यालय)

दिनांक : 22.11.2021

## IQAC प्रकोष्ठ बैठक कार्यवृत्त

आज दिनांक 22.11.2021 को महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में अपराह्न 1.30 बजे आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई, जिसमें निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहें –

1. डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी, श्रीमान् प्राचार्य– चेयर पर्सन
2. डॉ. अरूण व्यास, सह आचार्य– भूगर्भ शास्त्र
3. श्रीमती प्रेम परिहार, सहायक आचार्य– ईएएफएम
4. डॉ. अतुल गर्ग, व्याख्याता (RVRES)- गणित
5. डॉ. अजय शर्मा, व्याख्याता (RVRES)- वनस्पति शास्त्र
6. श्री पुरूषोत्तम व्यास, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी
7. श्री शमशेर खां (अभिभावक)

बैठक में सर्वप्रथम डॉ. अरूण व्यास (समन्वयक) ने IQAC प्रकोष्ठ से संबंधित निम्न जानकारियां प्रस्तुत की :–

01. माह अगस्त 2021 में SLQAC द्वार आयोजित पांच दिवसीय Traning कार्यशाला (IIQA & SSR Preparation For NAAC) में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने सहभागिता की।

02. आईक्यूएसी की बैठक 21.10.2020 के निर्णय अनुसार सत्र 2015–16 की एक्यूएआर दिनांक 31.10.2020, सत्र 2016–17 की एक्यूएआर दिनांक 05.02.2021, सत्र 2017–18 की एक्यूएआर दिनांक 10.03.2021, सत्र 2018–19 की एक्यूएआर दिनांक 19.03.2021 एवं सत्र 2019–20 की एक्यूएआर दिनांक 10.04.2021 को नेक के पोर्टल पर ऑनलाईन Submit कर दी गई। जिन्हें नेक द्वारा Re-Opened for Edit किया गया। तदानुसार इन्हें Revised Resubmit किया गया। महाविद्यालय की सत्र 2017–18 एवं 2018–19 की एक्यूएआर दिनांक 30.08.2021 को तथा सत्र 2019–20 की एक्यूएआर दिनांक 03.11.2021 को नेक द्वारा Approved कर दिया गया।

03. SPD RUSA के पत्र दिनांक 04.03.2021 के द्वारा प्रदेश के 34 कॉलेज को SSR तैयार कर SLQAC को Pre Assessment भेजीं जानीं थीं। इस बाबत कमेठी गठित कर दिनांक 16.03.2021 को बैठक दिनांक 15.04.2021 तक SSR Draft तैयार करने की कार्य योजना तय हुई। पहली बैठक दिनांक 08.04.021 तथा दूसरी बैठक दिनांक 16.04.2021 को हुई तथा SSR Draft दिनांक 17.04.2021 तक आईक्यूएसी में जमा करवाने का निर्णय हुआ। तदानुसार माह अप्रैल से SSR Draft Under Preparation पर कार्य प्रारंभ हुआ जो ग्रीष्मावकाश के उपरान्त जुलाई माह तक चला। परन्तु नेक द्वारा सत्र 2020–21 की एक्यूएआर ऑपन ऑन पोर्टल किये जाने के फलस्वरूप गत सत्र कि एक्यूएआर नेक पोर्टल पर अपलोड किये जाने के उपरान्त तदानुसार इस सत्र 2020–21 के डाटा को SSR में सम्मिलित किया जाना है। नेक द्वारा पत्र दिनांक 30.08.2021 एक्यूएआर Submission की आखिरी तारीख 31.12.2021 कर दी गई है तथा SPD RUSA के पत्र दिनांक 15.11.2021 द्वारा पेंडिग एक्यूएआर दिनांक 25.12.2021 तक Submit करने के निर्देश प्राप्त हुए है, अतः इस कार्य हेतु महाविद्यालय के पत्र दिनांक 17.11.2021 के द्वारा सत्र 2020–21 की एक्यूएआर आईक्यूएसी में दिनांक 30.11.2021 तक तैयार कर जमा कराने के आदेश हुए है। इस कार्य के सम्पन्न होने के उपरान्त सत्र 2020–21 के एक्यूएआर के डाटा को सम्मिलित करते हुए Revised SSR Preparation Work किया जायेगा।

Scanned with CamScanner

04. नेक द्वारा दिनांक 16.11.2021 को आयोजित वेबीनार के दो सत्रों में National Education Policy तथा Assessment and Accreditation विषय पर संकाय सदस्यों ने सहभागिता कर जानकारी प्राप्त की।

बैठक में निम्नांकित विषयों पर चर्चा/कार्यवाही हेतु सहमति बनी–

1. कोविड महामारी के दौर में महाविद्यालय में शैक्षणिक वातावरण की अभिवृद्धि के लिए कोविड अनुरूप व्यवहार करते हुए कक्षा तथा वर्ग अनुसार वाट्सग्रुप बनाकर उनके साथ पीडीएफ, नोट्स शेयर किये जायें। कक्षा–कक्ष अध्यापन के अलावा ऑनलाईन मॉड पर विद्यार्थियों को ई–कन्टेंट उपलब्ध करवाया जाये।

2. महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें विभिन्न गतिविधियां की जानकरी से अवगत कराया जायें।

3. इंडकशन तथा रिफ्रेशर कॉर्सेज, वेबीनार, कॉन्फ्रेंश तथा सेमीनार मे सहभागिता के लिए संकाय सदस्यों को प्रोत्साहित किया जायें।

4. विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध विभिन्न स्कॉलरशिप तथा स्टूडेंट स्पोर्ट की विस्तृत जानकरी स्टूडेंट्स को अवगत करायी जाये तथा इसके लाभार्थियों के लिए हेल्प डेस्क उपलब्ध रहें।

5. पूर्व छात्र परिषद तथा अभिभावक–शिक्षक बैठकों का नियमित आयोजन किया जायें।

6. महाविद्यालय विकास समिति की बैठक शीघ्र आयोजित की जायें। महाविद्यालय रिनोवेसन कार्यो की योजनाएं बनाकर उनकी क्रियान्वति की जायें।

7. नेक के AQAR, IIQA, SSR तथा आगामी निरीक्षण के लिए महाविद्यालय परिवार अभी से आवश्यक तैयारियों में जुट जायें तथा अच्छी ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहें।

उक्त चर्चाओं/निर्णयों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(डॉ. अरूण व्यास)
संयोजक

(श्रीमती प्रेम परिहार)
सहायक आचार्य

(डॉ. अतुल गर्ग)
व्याख्याता RVRES

(डॉ. अजय शर्मा)
व्याख्याता RVRES

(श्री पुरूषोत्तम कुमार व्यास)
अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी

(श्री शमशेर खां)
अभिभावक

श्रीमान प्राचार्य
(डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी)
राज. बांगड. महाविद्यालय डीडवाना

Scanned with CamScanner